दैनिक जागरण 12

बिजनेस

सेबी ने कसी सूचीबद्ध कंपनियों पर नकेल

सेंसेक्स 18 हजार के करीब

रिलायंस बिग ने कोडमास्टर्स में खरीदा 50 फीसदी हिस्सा

दो और कंपनियों ने बढ़ाए स्टील के दाम

एफटीए पर भारत-आसियान के बीच जल्द होगी बातचीत

अपनों से ही ठगे गए महाराजा

राष्ट्रीय संस्करण

दैनिक जागरण

उनका अखबार जो है देश के लिए ज़िम्मेदार.

190 लीटर से 230 लीटर की क्षमता में उपलब्ध होगा। कंपनी ने डायरेक्ट कूल रेंज का दाम 10,100 रुपये से 15,000 रुपये के बीच रखा है। पैनासोनिक ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में उतरी नई दिल्ली : घरेलू सामान बनाने वाली पैनासोनिक इंडिया ने घरेलू वाहन उद्योग को लक्षित करते हुए ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। इसके तहत पैनासोनिक ऑटोमोटिव सिस्टम्स इंडिया (पीएएसआई) के रूप में सहायक कंपनी का गठन किया जाएगा। पैनासोनिक अपनी वैश्विक कारोबारी रणनीति के तहत उभरते हुए बाजारों में पहुंच मजबूत कर रही है। इसी के तहत कंपनी पीएएसआई के सहारे भारत में अपनी पैठ मजबूत करने के साथ तेजी से बढ़ रहे कार बाजार में सेवाएं देगी। इसके लिए कंपनी गुड़गांव में मुख्यालय और बैंगलूर में बिक्री कार्यालय खोलेगी। पैनासोनिक का मानना है कि दुनिया भर में कार इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। लिहाजा इसके सहारे कारोबार को भी बढ़ाया जाएगा। डालमिया सीमेंट उत्पादन मार्च में चार प्रतिशत बढ़ा नई दिल्ली : डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (डीसीबीएल) का मार्च में सीमेंट उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 3.70 लाख टन पहुंच गया है। इससे पहले मार्च 2009 में 3.57 लाख टन का उत्पादन हुआ था। कंपनी का समीक्षाधीन महीने में सीमेंट लदान भी 15 फीसदी बढ़कर 4.10 लाख टन हो गया है। डीसीबीएल की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 143 लाख टन है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष में कारोबार बढ़ने की भी उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2008-09 में डीसीबीएल की कुल आय 1,779 करोड़ रुपये थी। एफसीआई के सीएमडी बने सिराज हुसैन नई दिल्ली : सिराज हुसैन ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद संभाल लिया है। इससे पहले वह एफसीआई में कार्यकारी निदेशक के पद पर भी रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में हुसैन यूपी एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक के पद पर भी रह चुके हैं। गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स तीसरे साल रही अव्वल नई दिल्ली : इनोक्स समूह की कंपनी गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स ने लगातार तीसरे साल रसायन क्षेत्र में शीर्ष कंपनी का अवार्ड जीता है। कंपनी को इन एंड ब्रैडस्ट्रीट रोल्टा कॉरपोरेट अवार्ड 2009 के दौरान यह पुरस्कार दिया गया है।